arriving in Delhi or other cities are harassed, due to slow baggage hand. ling and sluggish movement of passengers from the plane to the arrival lounge;

(b) whether it is a fact that Air India tries to economise by hiring very few workers to unload baggage to the carousels;

(c) whethre any study has been made of the average time it takes a passenger to reach the Customs Counter, considering the delays;

(d) what specific steps will Air India take to ensure that there will be no delay in baggage delivery and movement from plane to the arrival area; and

(e) whether any study has been made to the productivity of ground staff of Air India in relation to other international airlines?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA): (a) Baggage of passengers coming from Hongkong, Dubai and Bangkok takes longer to be delivered to passengers due to X-Ray scanning of the baggage.

(b) No, Sir.

(c) Yes, Sir. The Study conducted by IAAI and IATA airlines Ope rators showed that the average time taken by a passenger to reach the customs counter was 36 minutes for Air India and 34 minutes for other airlines.

(d) Air India is monitoring this aspect continuously to further im prove performance.

(e) No such comperative study has been undertaken.

उत्तर प्रदेश में अधिक पर्यटकों को आकृष्ट करने के लिए योजनाएं

1638. **श्री राम नरेश यादव :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में और अधिक पर्यटकों को आकृष्ट करने के लिए सरकार के विचाराधीन कोई योजना अथवा प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) पर्यटन का विकास करना मुख्यत: संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है । पर्यटन विभाग राज्य सरकारों को उनकी पर्यटन आधारिक संरचना को सुदृढ करने हेतु धन की उपलब्धता, प्रस्तावों के गुण-दोष और पारस्परिक प्राथमिकताओं के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

(ख) वर्ष 1991–92 के दौरान राज्य में पर्यटन आधारिक संरचना के विकास के लिए पर्यटन विभाग ने 224 लाख रुपए की राशि निर्धारित की है।

घरेलू उपयोग के लिए सॉफ्ट कोक की बिक्री

1639. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य का पता लगा लिया है कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित सॉफ्ट कोक को वास्तविक उपभोक्ताओं को बेचा जा रहा है तथा उनसे घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित मूल्य लिया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और